बिहार सरकार
मानव संसाधन विकास विभाग
बिहार, पटना

प्रेषक,
शिव प्रसाद,
सरकार के संयुक्त सचिव,
मानव संसाधन विकास विभाग

सेवा में,
श्री अशोक गांगुली,
अध्यक्ष,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेन्टर,
नई दिल्ली-110092

पटना, दिनांक

विषयः- विवेकानन्द पब्लिक स्कूल (आवासीय), वारसलीगंज, नवादा को अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय्

उपरोक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 238 दिनांक 03.04.2006 के आलोक में विद्यालय प्रबंधन के द्वारा उपलब्ध कराये गये कागजात की समीक्षा की गयी, जिसके अनुसार स्थिति निम्नवत् है :-

1. विद्यालय का संचालन निबंधित निकाय "विवेकानन्द कल्याण समिति" के द्वारा किया जा रहा है । शपथ पत्र के द्वारा यह सूचना दी गयी है कि निकाय में किसी का स्वामित्व नही है और निकाय के सदस्यों के बीच पारिवारिक संबंध नही है । निकाय के सदस्यों की सूची दी गयी है । सभी सदस्यों का पेशा सामाजिक सेवा बताया गया है । समाज सेवा एक सामान्य शब्द है जिससे पेशा की वास्तविक स्थिति स्पष्ट नही होती है । विभागीय अधिसूचना के अनुसार निकाय के सदस्यों के पेशा की वास्तविक जानकारी आवश्यक है ।
2. विद्यालय ने किसी निबंधित सोसाईटी/न्यास के फेन्चाईजी का उपयोग तथा किसी अन्य विद्यालय के brand name का उपयोग नही करने का भी दावा किया है ।
3. विद्यालय के द्वारा सूचना दी गयी है कि विद्यालय के पास 2 एकड़ 51 डिसमिल भूमि 30 वर्षो के लीज पर है । इसी भूमि पर विद्यालय का भवन है जो केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के मापदण्ड के अनुरूप है । केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निरीक्षण दल को विद्यालय का स्थल निरीक्षण कर विद्यालय का स्थल निरीक्षण कर विद्यालय के द्वारा दी गयी सूचना को सम्पुष्ट कर लेना होगा ।
4. विद्यालय में 18 शिक्षक है, जिनमें 14 प्रशिक्षित है । सभी शिक्षकों को पर्याप्त योग्यताधारी बताया गया है । लेकिन विद्यालय में अप्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति से उक्त सूचना विरोधाभाषी हो जाती है । शिक्षकों की नियुक्ति के सन्दर्भ में विज्ञापन की प्रति दी गयी है । परन्तु ऐसे अभिलेख अथवा साक्ष्य उपस्थापित नही किये गये है जिससे यह स्पष्ट हो कि नियुक्ति की प्रक्रिया मे पूरे नियमों का अनुपालन करते हुए पूर्णतः पारदर्शिता के साथ वस्तुनिष्ठ ढ़ंग से शिक्षको का चयन किया गया हो ।
5. विद्यालय के द्वारा हिन्दी विषय पढ़ाये जाने का दावा किया गया है ।

7. विद्यालय के द्वारा लिखित रूप से सहमति दी गई है कि उसे विभागीय अधिसूचना संख्या 238 दिनांक 03.04.2006 में उल्लेखित अपेक्षित शर्त्ते स्वीकार है । अपेक्षित शर्त्तो के अनुसार :–

(i) विद्यालय में क्षमता का 25% नामांकन पड़ोस में निवास करने वाले परिवार के बच्चों का निःशुल्क किया जायेगा तथा उनसे ट्यूशन शुल्क अथवा किसी अन्य प्रकार का शुल्क नही लिया जायेगा । ऐसे बच्चों की श्रेणी में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग बालिकाएँ तथा सामान्य श्रेणी के परिवार जिनकी आय अधिकतम 60,000/– रूपये प्रतिवर्ष होगें।

(ii) विद्यालय में नर्सरी/के0जी0 अथवा प्राथमिक कक्षा में नामांकन के लिए किसी तरह की प्रवेश परीक्षा/साक्षात्कार (बच्चों एवं माता/पिता सहित) नही लिया जायेगा । अगर नामांकन के लिए आवेदन निर्धारित क्षमता से अधिक हो तो खुलें तरीका से Draw of Lots के माध्यम से नामांकन के लिए बच्चों का चयन किया जायेगा ।

(iii) नर्सरी/के0जी0 तथा प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यालय से आवास की दूरी अधिकतम एक किलोमीटर एवं उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षा में नामांकन हेतु अधिकतम दूरी 3 किलोमीटर तक रहेगी ।

(iv) जिन बच्चों का नामांकन नही होता है उनसे ली गई आवेदन शुल्क की राशि का 80% राशि वापस लौटाने की व्यवस्था होगी ।

8. विद्यालय का निरीक्षण विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा नहीं किया गया है । केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली अपने स्तर से जॉच कर यह सुनिश्चित हो ले कि विद्यालय उनके निर्धारित मापदण्ड के आधार पर संचालित है ।

9. साथ ही बोर्ड को यह सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित विद्यालयों के द्वारा अपनी सहमति के अनुसार अनिवार्य एवं आपेक्षित शर्त्तो का अनुपालन किया जा रहा है । स्कूल को यह शर्त्ते सार्वजनिक करनी होगी तथा इनका उल्लेख प्रोस्पेक्टस एवं वेवसाइट में करना होगा ।

10. शर्त्तो के उल्लंधन की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा तथा संबंधन रदद करने की कार्रवाई की जायेगी ।

11. उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तथा वर्णित शर्त्तो के आधार पर विवेकानन्द पब्लिक स्कूल, वारसलीगंज, नवादा को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति दी जाती है ।

12. विद्यालय के द्वारा दिनांक 03.05.2006 की छायाप्रति संलग्न है ।

विश्वासभाजन

ह0/–
(शिव प्रसाद)
सरकार के संयुक्त सचिव
मानव संसाधन विकास विभाग

ज्ञापांक – 431 पटना, दिनांकः– 27.6.06

प्रतिलिपि – प्राचार्य, विवेकानन्द पब्लिक स्कूल, वारिसअलीगंज, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

27.6.06
(शिव प्रसाद)
सरकार के संयुक्त सचिव
मानव संसाधन विकास विभाग